## खबर संक्षेप

### हादसे में होमगार्ड गंभीर रुप से घायल

**पानीपत।** गांव मतलौडा की गत्ता फैक्टरी के पास अज्ञात वाहन की टक्कर लगने से होमगार्ड दिलबाग निवासी गांव अदियाना 12 अप्रैल को गंभीर रूप से घायल हो गया था। दिलबाग का पीजीआई में उपचार चल रहा है। जबकि थाना मतलौडा पुलिस ने इस मामले में केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। इधर, दिलबाग की हालत अभी भी गंभीर बनी हुई है और वह बयान देने की हालत में नहीं है।

### विवाहिता को सुसराल से निकाला, केस दर्ज




**पानीपत।** पानीपत के महिला थाना पुलिस ने एक विवाहिता की शिकायत पर उसके उत्तर प्रदेश के शामली जिला निवासी पति सुमित आदि पर दहेज एक्ट समेत अन्य आरोपों में केस दर्ज किया है। विवाहिता का आरोप है कि दहेज की मांग पूरी नहीं करने पर आरोपियों ने उसे मारपीट कर घर से निकाल दिया। वह अपनी पुत्र के साथ मायके में निवास कर रही है।

### शिव दुर्गा मंदिर का उत्सव पांच से शुरू

**पानीपत।** के नूरवाला की जसबीर कालोनी स्थित श्री अखंड शिव दुर्गा मन्दिर ट्रस्ट द्वारा अपना 22वां वार्षिक सत्संग एवं भंडारे का आयोजन पांच व छह को किया जा रहा है। यह जानकारी ट्रस्ट के सदस्य अशोक कालड़ा बताया कि श्रीश्री 108 स्वामी महेशानन्द की अध्यक्षता में श्रीरामचरित मानस का पाठ किया जाएगा।

### राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन दस को

**पानीपत।** पानीपत के न्यायिक परिसर में दूसरी राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन दस मई को किया जाएगा। जिसमें आपसी सहमति से विभिन्न केसों को सुलझाया जाएगा। यह जानकारी मुख्य न्यायिक दण्डाधिकारी एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव मीनू ने दी।

### अंबेडकर भवन गांव वैसर में बसपा की बैठक

**पानीपत।** बसपा, इसराना विधानसभा की बैठक बाबा साहेब डॉ भीमराव अंबेडकर भवन गांव वैसर में हुई। बैठक में बसपा नेता नरेश इसराना, जिला अध्यक्ष फूल कुमार नंबरदार, मनजीत वैसर, रोहतास डाहर, मनजीत वैसर, धर्मवीर हुड्डा, राजपाल महाराज, रविकांत, राजाराम भंडारी, सतीश शेरा, वजीर सिंह गौतम, जय भगवान, जयपाल, जितेंद्र व प्रदीप राणा आदि मौजूद रहे।

### निरीक्षक पद से शमशेर सिंह मलिक सेवानिवृत्त

**पानीपत।** हरियाणा परिवहन निगम में 25 साल 26 दिन की सेवा देने के बाद बुधवार को निरीक्षक के पद से शमशेर सिंह मलिक सेवा निवृत हुए। शमशेर मलिक की 24 अप्रैल 1993 को परिचालक के पद पर नियुक्ति हुई थी। मलिक ने लगातार परिवहन विभाग में मेहनत से काम करने के बाद निरीक्षक के पद तक का सफर तय किया। वहीं आज उनकी सेवा निवृति पर हरियाणा रोडवेज कर्मचारी यूनियन के पदाधिकारियों ने उन्हें उपहार देकर व फूल मालाओं देकर विदा किया।

### सनातनियों के आदर्श हैं भगवान परशुराम:गौतम

# पानीपत के शहरी व ग्रामीण अंचल में परशुराम की जयंती धूमधाम से मनाई

- महापुरुषों से समाज के हर वर्ग को ज्ञान लेना चाहिए
- गांव लुहारी परशुराम मंदिर तक रोड शो निकाला

हरिभूमि न्यूज ⏭ पानीपत

पानीपत में भगवान परशुराम की जयंती धूमधाम से मनाई गई। वहीं गांव लोहारी की भगवान परशुराम कमेटी द्वारा भी भगवान परशुराम मंदिर में प्रभु परशुराम जन्म महोत्सव का आयोजन किया गया और रात को जागरण किया गया। जिसमें ब्राह्मण सभा के प्रदेश अध्यक्ष सतीश गौतम ने मुख्यातिथि के रूप में शिरकत की। ग्रामीणों द्वारा गांव सुताना से लेकर गांव लुहारी परशुराम मंदिर तक रोड शो निकाला का सतीश गौतम का काफिले के साथ स्वागत किया। वहीं, सतीश गौतम ने कहा कि भगवान परशुराम, भगवान विष्णु का छठा अवतार, जिसने धरती पर अत्याचारी राजाओं को सबक सिखाया था। उन्होंने दावा किया कि शास्त्रों के अनुसार भगवान परशुराम अजर-अमर हैं। प्रभु परशुराम किसी समाज विशेष के आदर्श ना होकर बल्कि संपूर्ण वैदिक सनातन धर्म को मानने वालें सभी सनातनियों के आदर्श हैं। उनको अष्ट चिरंजीवियों में से एक चिरंजीवी माना गया हैं। नागरिकों को भगवान परशुराम के दिखाए मार्ग पर चलते हुए मानवता की निष्काम सेवा करनी चाहिए। पंडित सुमित भारद्वाज सिवाह वाले ने कहा कि महापुरूषों से समाज के हर वर्ग को ज्ञान लेना चाहिए और उनकी दिखाई राह पर चलते हुए मानवता व समाज की निष्काम सेवा करनी चाहिए। हर सामर्थ नागरिक को जरूरतमंदों को दान पुण्य करना चाहिए। वहीं जो हाथ निर्धन की मदद के लिए उठता है उसे ही भगवान आशीर्वाद देने के लिए पकड़ते है।



**पानीपत।** परशुराम जन्मोत्वस में ब्राह्मण सभा के प्रदेशाध्यक्ष सतीश गौतम आदि का स्वागत करते ब्राह्मण समाज।


**पानीपत।** अनाज मंडी में यज्ञ करते आढ़ती आदि।

# पानीपत अनाज मंडी में आढ़तियों ने यज्ञ किया

- गेहूं की खरीद व लिफ्टिंग सही समय होने से खुश है आढ़ती

हरिभूमि न्यूज ⏭ पानीपत

पानीपत अनाज मंडी एसोसिएशन द्वारा गेहूं का सीजन खत्म होने व गेहूं की सरकारी खरीद व लिफ्टिंग सही समय होने की खुशी में यज्ञ किया। यज्ञ में जहां आढतियों ने प्रदेश सरकार का आभार व्यक्त किया, वहीं भगवान से अगले वर्ष का गेहूं का सीजन भी खुशहाल बनाने की प्रार्थना की। इधर, अनाज मंडी एसोसिएशन के प्रधान दिनेश भोक्कर ने कहा कि सरकार द्वारा सही समय पर फसल का उठान व लिफ्टिंग की गई जिससे सभी आढ़ती व किसान खुश है। एसोसिएशन ने सभी किसानों, मजदूरों व आढ़तियों की मंगल कामना के लिए यज्ञ किया।

### यह रहे मौजूद

इस अवसर पर ईश्वर सिंह कादियान, दुलीचंद गोयल, हवा सिंह कादियान, संजय देशवाल, राजू शर्मा, यशपाल ग्रोवर, विकास गर्ग, मनोज सिंगला समेत बडी संख्या में आढती, किसान, मजदूर उपस्थित रहे। सभी ने यज्ञ में आहुति डाल कर सुख शांति की कामना की।

# मेयर ने विकास कार्यों का औचक निरीक्षण किया

हरिभूमि न्यूज ⏭ पानीपत

नगर निगम की मेयर कोमल सैनी ने अधिकारियों की टीम के साथ सेक्टर 12 में एसडी विद्या मंदिर के सामने 51 करोड़ रुपए की लागत से बन रहे मल्टीपरपज हॉल के निर्माण कार्य का निरीक्षण किया और अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि नगर निगम के सभी निर्माण कार्य उच्च गुणवत्ता के साथ किए जाएं। भविष्य में यदि निर्माण कार्य की गुणवत्ता में कमी पाई गई तो ठेकेदार ही नहीं अपितु संबंधित अधिकारी भी जिम्मेदार होंगे। मेयर कोमल सैनी ने कहा कि पारदर्शिता और सुशासन में ही सुनहरे भारत का भविष्य छिपा है। उन्होंने दावा किया कि पानीपत में ट्रिपल इंजन की सरकार ने तेजी से कार्य शुरू कर दिए है। वहीं निगम के कार्यकाल पूरा होने तक पानीपत को विकसित क्षेत्र बना दिया जाएगा।


- मेयर कोमल सैनी निर्माण कार्य की जांच करते हुए।

# विद्यार्थियों को भोजन करवाया

हरिभूमि न्यूज ⏭ पानीपत

राजकीय उच्च विद्यालय नूरवाला में नगर निगम वार्ड नंबर छह की पार्षद कोमल पांचाल ने अक्षय तृतीया के उपलक्ष में स्कूली बच्चों को भंडारा लगाकर प्रसाद वितरित किया। कोमल पांचाल ने बताया कि अक्षय तृतीया पर बच्चों को भोजन कराना पुण्य का कार्य है। इसलिए आज उन्होंने स्कूल के 600 बच्चों को भोजन प्रसाद वितरित किया। इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य विनोद सिंगला, मनजीत सिंह, विनोद पीटीआई, रणदीप सिंह, संतोष, निर्मला आदि स्टाफ , भाजपा नेता ईशम कुमार पांचाल, तरुण तावड़ा, मंडल महामंत्री बिजेंद्र पांचाल व रविंद्र पांचाल आदि मौजूद रहे।


**पानीपत।** राजकीय स्कूल में अक्षय तृतीया पर विद्यार्थियों को भोजन भेंट करती पार्षद कोमल पांचाल। *फोटो : हरिभूमि*

# पानीपत में राष्ट्रीय पात्रता सह परीक्षा चार को होगी

- पानीपत में सात सेंटर बनाए, 2430 अभ्यर्थी देंगे परीक्षा

हरिभूमि न्यूज ⏭ पानीपत

राष्ट्रीय पात्रता सह परीक्षा की तैयारियों को लेकर हरियाणा सरकार में मुख्य सचिव अनुराग रस्तोगी ने बुधवार को पानीपत के उपायुक्त डॉ वीरेंद्र दहिया से वीडियो कांफ्रेंस के माध्यम से वर्चऊल बैठक कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। वहीं, डीजीपी शत्रुजीत कपूर ने भी सुरक्षा के दृष्टिगत आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इधर, उपायुक्त डॉ. वीरेंद्र दहिया ने राष्ट्रीय पात्रता सह परीक्षा की तैयारियों को लेकर अधिकारियों के साथ बैठक कर परीक्षा को सफलता पूर्वक कराने के निर्देश दिये। उपायुक्त ने कहा कि जिले में 7 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं। जिनमें 5 परीक्षा केंद्र पानीपत व 2 परीक्षा केंद्र समालखा के अंतर्गत आते हैं। इन परीक्षा केन्द्रों में 2430 अभ्यर्थी 4 मई को परीक्षा देंगे। वहीं जिला में धारा 163 लगा दी गई है।

# पुलिस के 10 अधिकारी रिटायर

हरिभूमि न्यूज ⏭ पानीपत

पानीपत जिला पुलिस में नियुक्त इंस्पेक्टर राजबीर सिंह व कर्मबीर सिंह, आनरेरी इंस्पेक्टर शमशेर सिंह व बलवान सिंह, ईएसआई मनोज कुमार, प्रेमराज, धर्मवीर सिंह, रणबीर सिंह, हेड कांस्टेबल राजकुमार व प्रीतम सिंह विभाग में कार्याकाल पूरा होने पर बुधवार को सेवानिवृत हो गए। जिला सचिवालय स्थित पुलिस विभाग के सभागार में विदाई पार्टी का आयोजन किया गया। विदाई पार्टी में बतौर मुख्य अतिथि उप पुलिस अधीक्षक मुख्यालय सतीश वत्स ने सेवानिवृत हुए सभी पुलिस अधिकारियों को फूलमाला, पगड़ी पहनाकर व उपहार देकर विदाई दी। डीएसपी वत्स ने सेवानिवृत अधिकारियों से कहा कि भविष्य में पुलिस विभाग से किसी भी प्रकार की जरूरत पड़ती है तो विभाग आपके लिए तत्पर रहेगा। मौके पर भलाई शाखा इंचार्ज इंस्पेक्टर वेदपाल, हेड क्लर्क सब इंस्पेक्टर दीपक व जिला पुलिस अधीक्षक कार्यालय की सभी ब्रांचों के इंचार्ज एवं सेवानिवृत हुए पुलिसकर्मियों के परिजन आदि उपस्थित रहे।


**पानीपत** में रिटायर हुए पुलिस अधिकारी डीएसपी सतीश वत्स के साथ।

# कांग्रेस ने हमेशा दलितों को वोट बैंक समझा

**पानीपत।** हरियाणा अनुसूचित आयोग के अध्यक्ष रविन्द्र बलियाला, बुधवार को असंध रोड स्थिति भाजपा नेता सरदार अमरजीत सिंह कोहली के कार्यालय पर पहुंचे। यहां मीडिया से बातचीत में रविन्द्र बलियाला ने कहा की कांग्रेस के राज हर रोज अनुसूचित जाती के भाइयों पर हमले होते थे। कांग्रेस के राज में दलितों का उत्पीड़न आम बात हो गई थी। उन्होंने कहा की कांग्रेस ने हमेशा दलितों को वोट बैंक समझा और सत्ता में रहते हुए दलितों का दोनों हाथों से शोषण करवाया। उन्होंने दावा किया कि भाजपा के राज में जहां दलित सुरक्षित है, वहीं दलित तरक्की कर रहे है।

- हरियाणा अनुसूचित आयोग के अध्यक्ष रविन्द्र बलियाला ने कांग्रेस पर साधा निशाना



# समाज सेवा संगठन ने वाटर कूलर लगवाया

हरिभूमि न्यूज ⏭ पानीपत

समाज सेवा संगठन की ओर से बुधवार को लाल बत्ती चौक के पास 38वें वाटर कूलर का शुभारंभ मुख्य अतिथि समाजसेवी अमित तायल ने किया। अमित तायल ने कहा गर्मी के मौसम में समाज सेवा संगठन वाटर कूलर लगाकर बहुत ही सराहनीय कार्य कर रहा है। हम सबको इनका सहयोग करना चाहिए। आयोजकों ने मुख्यातिथि अमित तायल को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। संगठन अध्यक्ष प्रवीन जैन ने बताया कि लाल बत्ती के आस पास में जीटी रोड पर पीने के पानी का कोई इंतजाम नहीं था। जबकि जीटी रोड पर हर समय राहगीरों, रेहड़ी व रिक्शा वालों का आना जाना लगा रहता है। प्रवीण जैन ने कहा कि शास्त्रों में वर्णन है कि अक्षय तृतीया पर किया गये दान का बहुत महत्व है। देने के लिए दान लेने के लिए ज्ञान त्यागने के लिए अभिमान की राह पर चल रहा है। इस मौके पर प्रवीण जैन, कैलाश जैन, विकास जैन, दीपक गोस्वामी, अनिल सिंगला, जतिन मलिक व मदन साइकिल आदि मुख्य रूप से उपस्थित रहे।


समाज सेवा संगठन के पदाधिकारीगण वाटर कूलर का शुभारंभ करते हुए।

# समालखा को विकसित करेंगे: डॉ दहिया

- उपायुक्त ने 10 सूत्रीय एजेंडे पर विस्तार से चर्चा की

**पानीपत।** उपायुक्त डॉ वीरेंद्र दहिया ने बुधवार को सचिवालय स्थित कार्यालय में समालखा विधानसभा क्षेत्र के विकास को लेकर विभिन्न विभागों के अधिकारियों के साथ बैठक कर अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उपायुक्त ने समालखा विधानसभा क्षेत्र के एजेंडे पर अधिकारियों के साथ गम्भीरता से चर्चा की व जल्द से जल्द एजेंडे को अमलीजामा पहनाने के निर्देश दिए। उपायुक्त ने हथवाला गांव में गोताखोरों की मुक्ति के संदर्भ में इसे संबंधित विभाग को भेज दिया गया है। उपायुक्त ने गांव शहर मालपुर की पंचायत से संबंधित मामले को न्यायालय के विचाराधीन बताया। उपायुक्त ने बताया कि भापरा गांव के सरकारी स्कूल में बच्चों की संख्या बढ़ाने को लेकर जिला शिक्षा अधिकारी को निर्देश दिए।


समालखा हलके के विकास को लेकर बैठक करते उपायुक्त डॉ वीरेंद्र दहिया आदि।

**कार्यक्रम** ग्राम स्वराज अभियान के तहत आयुष्मान भारत दिवस समारोह का आयोजन

# रोजगार परक आधुनिक शिक्षा ग्रहण करें विद्यार्थी: नेहा

- समारोह के मुख्य अतिथि भाजपा महिला मोर्चा की जिला अध्यक्ष नेहा शर्मा रहीं

हरिभूमि न्यूज ⏭ पानीपत

पानीपत के तहसील कैंप स्थित एवन पब्लिक स्कूल परिसर में अक्षय तृतीया के अवसर पर ग्राम स्वराज अभियान के तहत आयुष्मान भारत दिवस समारोह का आयोजन किया गया। समारोह के मुख्य अतिथि भाजपा महिला मोर्चा की जिला अध्यक्ष नेहा शर्मा रहीं । जिला महिला मोर्चा की पूर्व सचिव अनीता पूनिया, श्वेता कश्यप, ओम दत्त आर्य विशिष्ट अतिथि के रूप में मौजूद रहे । भाजपा नेत्री मोना शर्मा, महक दीवान, मीना रानी मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित रहीं। जबकि भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा के जिला महामंत्री सुभाष कबीरपंथी ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की। वहीं, स्कूल के प्रधानाचार्या राजेश बत्रा ने सभी का स्वागत किया। इस अवसर पर साधनहीन परिवार की एवन स्कूल की विज्ञान वर्ग की प्रतिभाशाली छात्रा कमलदीप कौर को विशेष रूप से सम्मानित किया गया। इसके अलावा विद्यालय के लगभग 50 ऐसे छात्रों को सम्मानित किया गया जिन्होंने विभिन्न प्रतियोगिताओं में प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त किया।

जबकि परिषा, गार्गी एवं पार्टी ने स्वागत गीत प्रस्तुत कर सभी को भाव विभोर कर दिया। इधर अथितियों ने कहा कि भारत की सनातन संस्कृति विश्व की सबसे प्राचीन संस्कृति है। जिसमें शिक्षा और वैदिक संस्कारों को सर्वोच्च स्थान प्राप्त है। हमारे वेदों में भी आध्यात्मिकता और विज्ञान को सर्वोपरि माना गया है।



**पानीपत।** अक्षय तृतीया पर एवन स्कूल में मेधावी विद्यार्थियों को सम्मानित करते ओमदत्त। *फोटो : हरिभूमि*

# पानीपत जिला बार एसोसिएशन अनिश्चित कालीन हड़ताल पर

हरिभूमि न्यूज ⏭ पानीपत

पानीपत जिला बार एसोसिएशन के आह्वान पर सभी वकील अनिश्चित कालीन हड़ताल पर चले गए। इधर, इस मामले को लेकर बार की बैठक हुई।

बार के प्रधान सुरेंद्र दुहन ने बताया कि बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि जब तक एडवोकेट सन्नी राठी, दीपक, राहुल त्यागी व गौरव चौहान के साथ मारपीट करने व इनके अपहरण की चेष्टा करने वाले आरोपियों को नहीं पकडा जाएगा बार की हडताल जारी रहेगी। इधर, पुलिस ने इस मामले में केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

- वहन पार्किंग ठेकेदार और उसके कर्मियों द्वारा वकीलों से मारपीट का मामला

### यह है मामला

पानीपत की कोर्ट में प्रेक्टिस करने वाले वकील सन्नी राठी ने थाना सिटी पुलिस को बताया कि वह मंगलवार को अपने साथी वकील दीपक, राहुल त्यागी और गौरव चौहान के साथ इंसार बाजार में आया था। उसने बाजार के सामने एलिवेटेड हाईवे के नीचे पार्किंग में गाड़ी खड़ी कर दी और 30 रुपए की पर्ची कटा ली। वे बाजार से आए तो पार्किंग कर्मचारी ने उससे 20 रुपए और मांग की। उन्होंने तीस रूपये की रसीद भी उन्हें दिखाई और अपनी गाडी में सवार होकर कचहरी की ओर चल दिए। वहीं वाहन पार्किंग के ठेकेदार के दो कारिंदों ने उनका बाइक से पीछा किया और आर्य कॉलेज के सामने जबरन उनकी गाड़ी को रुकवा ली।

वे उनसे बचकर कोर्ट पहुंच गए। इधर, स्कॉर्पियो गाड़ी सवार चार युवक आए और उसके साथ कहासुनी करने लगे। उसने आरोप लगाया कि उक्त लोगों ने उनका अपहरण करने की चेष्टा की। इधर, हाथापाई होते देख वहां पर वकील एकत्र हो गए। इसके बाद आरोपी फरार हो गए।

